Date:- 2/9/2014 Page No - 16 Neul Dainik [illegible]

# राज भाषा समाज की उन्नति की मार्गदर्शक : डा. गंगा प्रसाद निर्मल

## केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी 15 सितंबर तक मनाया जाएगा हिंदी पखवाड़ा

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं इसके प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, जांट-पाली महेंद्रगढ़ में 1 से 15 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम एवं राजभाषा संगोष्ठी में केंद्रीय हिंदी निदेशालय के पूर्व निदेशक,जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्रोफेसर एवं जाने-माने साहित्यकार डॉ. गंगा प्रसाद निर्मल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भाषा और संस्कृति के घनिष्ठ संबंधों को मानव की प्रगति के साथ जोड़ते हुए भाषा को समाज की उन्नति का मार्गदर्शक बताया। मातृभाषा में काम करने पर गर्व करते हुए उन्होंने कहा कि आयुर्विज्ञान, इंजीनियरिंग और अन्य संबंधित क्षेत्रों की पढ़ाई अपनी मातृभाषा में शुरू करके हम न केवल भाषा की उन्नति में सहयोग करेंगे बल्कि देश से प्रतिभा पलायन रोकने में भी कामयाब होंगे।



केन्द्रीय विवि में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं।

इस अवसर पर बोलते हुए हिंदी के प्रोफेसर डॉ. आरएन मिश्र ने हिंदी को समुद्र बताते हुए कहा कि अन्य भारतीय भाषाएं उसमें नदी की तरह आकर मिल जाती हैं। विश्वविद्यालय के संकाय-अध्यक्ष डॉ. बीर सिंह ने राजभाषा की संवैधानिक स्थिति की ओर इशारा किया। कार्यक्रम में बोलते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उदय प्रकाश सिन्हा ने हिंदी भाषा के महत्व को इंगित करते हुए हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ की विधिवत घोषणा भी की। उन्होंने उपस्थित सभी संकाय सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा छात्रों को १५ दिनों तक चलने वाले इन कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए आह्वान किया। हिंदी अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद ने कार्यक्रम का संचालन किया।

Library
Central University of Haryana
Jant-Pali Mohindergarh (Hr.)

# हरियाणा केंद्रीय विवि. में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ



महेन्द्रगढ़, (राजेश, महेश, रमेश): राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं इसके प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, जांट-पाली महेंद्रगढ़ में आज से हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम एवं राजभाषा संगोष्ठी में केंद्रीय हिंदी निदेशालय के पूर्व निदेशक, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्रोफेसर एवं जाने माने साहित्यकार डा. गंगा प्रसाद निर्मल ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्यातिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भाषा और संस्कृति के घनिष्ठ संबंधों को मानव की प्रगति के साथ जोड़ते हुए भाषा को समाज की उन्नति का मार्गदर्शक बताया। मातृभाषा में काम करने पर गर्व करते हुए उन्होंने कहा कि आयुर्विज्ञान, इंजीनियरिंग और अन्य संबंधित क्षेत्रों की पढ़ाई अपनी मातृभाषा में शुरु करके हम न केवल भाषा की उन्नति में सहयोग करेंगे बल्कि देश से प्रतिभा पलायन रोकने में भी कामयाब होंगे।

इस अवसर पर बोलते हुए हिंदी के प्रोफेसर डॉ. आर.एन. मिश्र ने हिंदी को समुद्र बताते हुए कहा कि अन्य भारतीय भाषाएं उसमें नदी की तरह आकर मिल जाती हैं। विश्वविद्यालय के संकाय-अध्यक्ष डॉ. बीर सिंह ने राजभाषा की संवैधानिक स्थिति की ओर इशारा किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उदय प्रकाश सिन्हा ने हिंदी भाषा के महत्व को इंगित करते हुए हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ की विधिवत घोषणा भी की। उन्होंने उपस्थित सभी संकाय सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा छात्रों को 15 दिनों तक चलने व ो इन कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए आह्वान किया। हिंदी अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. ए.के. झा ने उपस्थित सभी संकाय सदस्यों, छात्रों एवं मुख्यातिथि का धन्यवाद किया।

Date:- 2/9/2014 Page.No - 3 News - Punjab Kesari

Library
Central University of Haryana
Jant-Pali Mohindergarh (Hr.)

Date:- 2/9/2014 Page- 14 New Hari Bhumi

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन

■ विवि जांट-पाली में एक से 15 तक हिंदी पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज . महेंद्रगढ़

राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं इसके प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, जांट-पाली महेंद्रगढ़ में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय हिंदी निदेशालय के पूर्व निदेशक जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं जाने माने साहित्यकार डॉ. गंगा प्रसाद निर्मल ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यातिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। हिंदी के प्रोफेसर डॉ. आरएन मिश्र ने हिंदी को समुद्र बताते हुए कहा कि अन्य भारतीय भाषाएं उसमें नदी की तरह आकर मिल जाती हैं। विश्वविद्यालय के संकाय-अध्यक्ष डॉ. बीर सिंह ने राजभाषा की संवैधानिक स्थिति की ओर इशारा किया। विवि के कुलपति प्रो. उदय प्रकाश सिन्हा ने हिंदी भाषा के महत्व को इंगित करते हुए हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ की विधिवत घोषणा भी की। उपस्थित सभी संकाय सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा छात्रों को 15 दिनों तक चलने वाले इन कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए आह्वान किया। हिंदी अधिकारी डा. जगदीश प्रसाद ने कार्यक्रम का संचालन किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. एके झा ने सभी संकाय सदस्यों, छात्रों एवं मुख्यातिथि का धन्यवाद किया।

Library
Central University of Haryana
Jant-Pali Mohindergarh (Hr.)